भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 678 का उत्तर

रेल में रियायतों की बहाली

678. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की कोविड-19 महामारी से पहले विभिन्न श्रेणियों के रेल यात्रियों को दी गई सभी रियायतों को बहाल करने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या सरकार को रेल यात्रियों को दी जाने वाली रियायतों को बहाल करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या रेलवे दुर्लभ और घातक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को कोई विशेष पास दे रहा है;
(च) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान जारी किए गए ऐसे पासों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(छ) क्या अन्य दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित रोगियों को और अधिक पास देने की सरकार की कोई योजना है; और
(ज) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ज): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

रेल में रियायतों की बहाली के संबंध में दिनांक 06.12.2023 को लोक सभा में श्री एंटो एन्टोनी के अतारांकित प्रश्न सं. 678 के भाग (क) से (ज) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ज): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएं प्रदान करने का सदैव प्रयास करती है और 2019-20 में यात्री टिकटों पर 59,837 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई थी। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 53% रियायत है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों को निरंतर दी जा रही है। इसके अलावा, इस सब्सिडी राशि के अलावा कई श्रेणियों जैसे:- विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजनों) की 4 श्रेणियों, रोगियों की 11 श्रेणियों और छात्रों की 8 श्रेणियों को रियायतें दी जा रही है। 2022-23 के दौरान लगभग 18 लाख रोगियों एवं उनके सहचरों ने इस विशेष रियायत का लाभ उठाया है।

मंडल स्तर, क्षेत्रीय रेल, रेल मंत्रालय और यहां तक कि स्टेशन स्तर आदि पर विभिन्न माध्यमों द्वारा विभिन्न वर्गों से अभ्यावेदन/अनुरोध/सुझाव प्राप्त होते हैं।

*****